Seat No. : ______________

# OB-125

**October-2018**

**M.A., Sem.-II**

**408 : Hindi**

**(काव्य शास्त्र)**

**(Repeater)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (अ) स्वच्छन्दतावाद (Romanticism) की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

स्वच्छन्दतावाद (Romanticism) का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताएँ संक्षेप में लिखिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक या दो वाक्य में लिखिए : **4**

(1) नवशास्त्रवादी आलोचकों द्वारा निर्धारित नियमों एवं मूल्यों को ________ ने ढहा दिया ।

(अ) स्वच्छन्दतावाद (ब) आभिजात्यवाद

(क) आदर्शवाद (ड) स्त्री विमर्श

(2) कॉलरिज के अनुसार कोई कवि महान कवि तभी बन सकता है जब वह ________ होता है ।

(अ) बड़ा नाटककार (ब) गंभीर दार्शनिक

(क) गंभीर आलोचक (ड) लेखक-संपादक

(3) ________ स्वच्छन्दतावादी रचनाकार नहीं हैं ।

(अ) कॉलरिज (ब) बायरन (क) कीट्स (ड) ड्राइडन

(4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' में स्वच्छन्दतावाद का प्रवर्तक किसे माना है ?

(5) गद्य की भाषा और छन्दोबद्ध रचना की भाषा में तात्विक अन्तर किसने नहीं माना है ?

(6) छायावाद का मेनीफेस्टो (घोषणापत्र) किस कृति को माना जाता है ?

2. (अ) अस्तित्ववाद की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । **14**

अथवा

हिन्दी साहित्य पर अस्तित्ववाद के प्रभाव की सोदाहरण चर्चा कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक या दो वाक्य में लिखिए : **4**

(1) अस्तित्ववाद का मूलाधार ________ स्वच्छंदता है ।

(अ) आर्थिक (ब) धार्मिक (क) वैयक्तिक (ड) दार्शनिक

(2) ________ अस्तित्ववादी विचारक नहीं हैं ।

(अ) अल्बर्ट कामू (ब) सार्त्र (क) नीत्से (ड) इलियट

(3) कुँवर नारायण की 'आत्मजयी' ________ कृति है ।

(अ) अस्तित्ववादी (ब) स्वच्छंदतावादी (क) नवशास्त्रवादी (ड) मार्क्सवादी

(4) अस्तित्ववाद का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

(5) 'अज्ञेय' लिखित 'अपने-अपने अजनबी' पर किस विमर्श का प्रभाव माना जाता है ?

(6) अस्तित्ववादी किस विचारक ने 'God is Dead' कहा था ?

3. (अ) यथार्थवाद की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

यथार्थवादी कला आंदोलन की विकासयात्रा के प्रमुख आयामों पर प्रकाश डालिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक या दो वाक्य में लिखिए : **3**

(1) यथार्थवाद की प्रवृत्ति ________ नहीं है ।

(अ) आदर्श और रोमांस (ब) यथातथ्यता

(क) निर्वैयक्तिकता (ड) तटस्थ वैज्ञानिक दृष्टि

(2) यथार्थवादी आंदोलन सर्वप्रथम ________ में आरंभ हुआ ।

(अ) रूस (ब) अमरीका (क) जापान (ड) फ्रांस

(3) साहित्य में यथार्थवाद का प्रयोग ________ के विपरीत अर्थों में किया जाता है ।

(अ) मार्क्सवाद (ब) सामाजिक चेतना

(क) आदर्शवाद (ड) विज्ञान

(4) यथार्थवादी कला का आरम्भ फ्रेंच लेखक फ्लावेयर की किस प्रसिद्ध रचना से माना जाता है ?

(5) साहित्यिक आंदोलन के रूप में यथार्थवाद ने किस सदी में अपनी पहचान बनाई ?

4. (अ) विखंडनवाद की अवधारणा स्पष्ट करते हुए देरीदा के योगदान पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

उत्तर आधुनिक विमर्शों का हिन्दी साहित्य पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर/एक या दो वाक्य में लिखिए : **3**

(1) आधुनिकता यूरोप में औद्योगीकरण और ________ का प्रतिफल है ।

(अ) बाजार-व्यवस्था (ब) धर्म-दर्शन

(क) महँगाई (ड) शिक्षा

(2) विखण्डनवाद में सारा बल ________ पर दिया जाता है ।

(अ) पाठ (ब) कवि (क) अलंकार (ड) बाह्य परिवेश

(3) 'ऑफ ग्रामैटोलोजी' के लेखक कौन हैं ?

(4) उदय प्रकाश की कहानी वारेन 'हेस्टिंग्स का सांड़' पर किस विमर्श का प्रभाव झलकता है ?

(5) उत्तर आधुनिकतावाद की प्रमुख घोषणाओं में मनुष्य की मृत्यु की घोषणा किसने की है ?

---